Publication: Daily Hindi Milap
Date: 03/08/2016
Edition: Hyderabad
Page No: 17
Headline: 'IT Quiz' held

‘आईटी विज’ आयोजित

हैदराबाद, 2 अगस्त-(श्रद्धा विजयलक्ष्मी)
सूचना तकनीकी के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज द्वारा आज इंटर स्कूल क्विज के अंतर्गत हैदराबाद संस्करण ‘टीसीएस आईटी विज-2016’ का आयोजन भारतीय विद्या भवन, किंग कोठी में किया गया। प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न स्कूलों के 900 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें लिटिल फ्लॉवर स्कूल के सैयद मोहम्मद हाशमी तथा हुसैन अहमद विजयी हुए। ये छात्र मुबंई में आयोजित होने वाले फाइनल राउंड में हैदराबाद का प्रतिनिधित्व करेंगे।

‘डिफॉल्ट इज डिजिटल’ विषय पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन छात्रों में तकनीकी जागरूकता बढ़ाने के लिये देश के 15 शहरों में इसका आयोजन क्षेत्रीय स्तर पर किया जा रहा है। सभी क्षेत्रों की विजेता टीमें मुंबई में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की फाइनल प्रतियोगिता में भाग लेंगी। इसी के अंतर्गत हैदराबाद में प्रतियोगिता का रीजनल फाइनल राउंड आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा 8 से लेकर 12 तक के छात्रों ने भाग लिया। सैयद मोहम्मद हाशमी तथा हुसैन अहमद को इंजीनियरिंग स्टॉफ कॉलेज ऑफ इंडिया के निदेशक प्रो. डी.एन. रेड्डी तथा टीसीएस हैदराबाद के रीजनल हेड वी. राजन्ना ने पुरस्कार प्रदान किये। प्रतियोगिता का संचालन गिरि बालासुब्रमण्यम ने किया।